# अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 6 जून 2026
द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत-2083


**PAGE NO IV MIDDLE**

# टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आगाज, खिलाड़ियों ने दिखाया दम

संवाद न्यूज एजेंसी

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में हुए कई रोमांचक मुकाबले**

**बरेली।** भोजीपुरा स्थित श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को उप्र टेबल टेनिस एसोसिएशन की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज हुआ। पहले ही दिन विभिन्न श्रेणियों में कई और रोमांचक मुकाबले हुए।

पुरुषों के तीसरे दौर के मुकाबलों में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के वंश सुंद्रियाल को, प्रयागराज के आर्यन यादव ने लखनऊ के लक्ष्य कुमार को हराया। प्रयागराज के आर्यन कुमार ने एक बेहद कड़े मुकाबले में प्रयागराज के अवि पाल को हराया। आगरा के मौलिक चतुर्वेदी ने गाजियाबाद के आरव राठी, बरेली के कार्तिकेय सिंह ने प्रयागराज के अथर्व श्रीवास्तव, इटावा के सुब्रत राज वर्मा ने आगरा के अनिकेत गौतम को शिकस्त दी।

गाजियाबाद के अर्णव पंवार ने लखनऊ के सैय्यद अली अब्बास को, गाजियाबाद के अरविंद चौधरी ने अलीगढ़ के आदित्य सिंह को और प्रयागराज के छेत्री ने गौतम बुद्ध नगर के मनित भट्ट को, कानपुर के अद्वित गुप्ता ने लखनऊ के शौर्य गोयल को, लखनऊ के आशुतोष सिंह ने गाजियाबाद के गर्व सिंगला को, सुल्तानपुर के शिवम चौरसिया ने आगरा के सौरभ पोद्दार को और सहारनपुर के अंश सभरवाल ने प्रयागराज के हनी राय को हराया।

जूनियर गर्ल्स (अंडर- 17) के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में गौतम बुद्ध नगर की समृद्धि शर्मा ने लखनऊ की अमाया सिंह को, प्रयागराज की अंशिका गुप्ता ने गौतम बुद्ध नगर की श्रेया कुकरेती को, गौतम बुद्ध नगर की आयुषी सिंघल ने प्रयागराज की शालिनी को, वाराणसी की सौम्या सिंह ने आगरा की वान्या खंडेलवाल को, लखनऊ की साक्षी तिवारी ने आगरा की इनाया फातिमा को, आगरा की अंकिशा मिश्रा ने लखनऊ की वर्तिका सिंह को, लखनऊ की स्वस्ति चंद्रा ने आगरा की पीहल गुप्ता को और वाराणसी की अनोखी ने लखनऊ की आद्या गोयल को हराया।



राज्य स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट में जीत के लिए जद्दोजहद करते खिलाड़ी। संवाद

## जूनियर बॉयज ने भी दिखाई प्रतिभा

जूनियर बॉयज (अंडर- 17) के मुकाबलों में प्रयागराज के आर्यन कुमार ने आगरा के राघवेंद्र वशिष्ठ को, लखनऊ के लक्ष्य कुमार ने वाराणसी के दक्ष रेकड़िया को, कानपुर के आशुतोष गुप्ता ने गौतम बुद्ध नगर के पुरुषार्थ आर्य को, गाजियाबाद के अर्णव थापा ने कानपुर के अधिराज मजूमदार को, गोरखपुर के अथर्व सिंह ने गौतम बुद्ध नगर के दर्श सिंघल को, लखनऊ के अक्षय राज सिंह ने आगरा के रितेश कुमार को, गाजियाबाद के प्रणीत अग्रवाल ने प्रयागराज के गर्व सिंगला को, गाजियाबाद के वंश ने लखनऊ के शौर्य गोयल को हराया। लखनऊ के शौर्य गोयल ने लखनऊ के ही प्रभव कुमार को, गौतम बुद्ध नगर के युवराज पांडेय ने लखनऊ के अर्पित को, इटावा के अन्यराज वर्मा ने कानपुर के विहान को, आगरा के केशव ने लखनऊ के शरद सहाय को, गौतम बुद्ध नगर के मनित भट्ट ने आगरा के भागीरथ कुमार को, कानपुर के सृजन ने गौतम बुद्ध नगर के तेग ओबेरॉय को और मुरादाबाद के विख्यात कात्याल ने गाजियाबाद के रुद्र मिश्रा को हराया। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने किया।